NT>

Title: Need to confer ownership right to the labourers residing in labour colony in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, कानपुर तथा उत्तर प्रदेश के कुछ अन्य प्रमुख शहरों में लेबर कालोनियों में रहने वाले लोगों की स्थिति खराब हो गई है। श्रम विभाग की ये कालोनियां अत्यन्त पुरानी एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। श्रम विभाग की स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इन कालोनियों में नागरिक सुविधाओं को बहाल करने के लिए पैसा खर्च करें तथा नगर निगम भी इनमें नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए कोई रूचि नहीं लेता है। परिणामस्वरुप वहां पर रहने वाले लोगों के लिए जिन्दगी अत्यन्त कटप्रद है। इस समस्या के समुचित समाधान के लिए सबसे अच्छा रास्ता यह होगा कि इन कालोनियों में रहने वाले लोगों के नाम, इन समस्त मकानों को लागत मूल्य या न्यूनतमत मूल्य पर, समस्त मकानों की उचित मूल्य पर रजिस्ट्री कर दी जाए या आवंटन कर दिया जाये जिससे लोगों को मकानों का मालिकाना हक प्राप्त हो सके। इसके पश्चात् नगर निगम वहां पर शहर की अन्य कालोनियों की तरह निर्धारित कर लगाकर आवश्यक नागरिक सुविधाओं का विकास कर सकें तथा इनमें रहने वाले लोग उपयुक्त नागरीय जीवन यापन कर सकें।